आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 3

कक्षा : नौवीं

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी 'ब'(085) अधिकतम अंक : 40

दिनांक: 06-01-2024 समय : 1घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश:

1. यह प्रश्न पत्र दो खंडों में विभाजित है: 'अ' और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न( उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में चार वर्णनात्मक प्रश्न (उप प्रश्नों सहित ) हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रमसंख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए (1x5=5)

सरलता मानव का स्वाभाविक गुण है | आडंबर जीवन को जटिल बनाता है और हृदय में विकार उत्पन्न करके उसे कलुषित बनाता है| अहंकार, आडंबर आदि तुच्छ विचारों के कुप्रभाव से मनुष्य कृत्रिम बन रहा है | सरल, सहज और सादा जीवन हमें प्रकृति से जोड़ता है |

संसार में किसी भी देश में महान व्यक्तियों का अभाव नहीं रहा है| कुछ व्यक्ति अपने ही देश में ख्याति पाते हैं और कुछ व्यक्तियों की ख्याति संसार में फैल जाती है | संसार के विख्यात व्यक्तियों के जीवन पर यदि दृष्टि डाली जाए तो चाहे वह देशभक्त हो या वैज्ञानिक, साहित्यकार हो या दार्शनिक अथवा उद्योगपति, सभी में कुछ विशेषता अवश्य ही मिलेगी | ऐसे व्यक्ति संसार में बहुत कम हैं, जो जन्म से ही विख्यात हुए हों| अधिकांशतः लोगों को यह ख्याति उनके चरित्र-बल और उद्यम से ही प्राप्त होती है | संसार में ऐसे मनुष्य कम नहीं हैं, जिनका साधारण परिवार में जन्म हुआ, किंतु वे अपनी बुद्धि और लगन के कारण बहुत ऊँचे उठ गए| प्रतिदिन संसार में अनेक मनुष्य जन्म लेते हैं और मरते हैं, पर सभी का नाम उनकी मृत्यु के बाद यहाँ नहीं टिका रहता | मनुष्य में विनय, उदारता, कष्ट सहिष्णुता, साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है | इन गुणों का प्रभाव उसके जीवन पर पड़ता है | यह गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारविहीन या सादा बनाते हैं| सादा जीवन या सादगी का अर्थ है- रहन-सहन, वेशभूषा और आचार-विचारों का एक निर्दिष्ट स्तर| जीवन में सादगी लाने के लिए दो बातें विशेष रुप से करणीय हैं | पहला, कठिन से कठिन परिस्थितियों में धैर्य को ना छोड़ना, दूसरा अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाना | हमारी वास्तविक आवश्यकताएँ बहुत कम होती हैं | अपनी आवश्यकताओं को हम स्वयं बढ़ाते हैं, जो बाद में हमारे जीवन को विषम बना देती हैं | इसलिए सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए |

(i) आडंबर जीवन को कैसा बनाता है ?

(क) कृत्रिम तथा कुप्रभावी (ख) जटिल तथा कलुषित

(ग) अहंकारी तथा हृदय के विकारों वाला (घ) अस्वाभाविक तथा असहज

(ii) कैसा जीवन हमें प्रकृति से नहीं जोड़ता है ?

(क) सरल, सहज और सादा (ख) अहंकार और आडंबर युक्त

(ग) साधारण और कृत्रिम (घ) सादा और बनावटी

(iii) अधिकांशतः लोगों को ख्याति कैसे प्राप्त होती हैं ?

(क) आराम तथा मेहनत से | (ख) अहंकार तथा निर्दिष्ट स्तर से
(ग) संकीर्णता तथा स्तर से | (घ) चरित्र बल और उद्यम से

(iv) गद्यांश का उचित शीर्षक चुनिए -

(क) सादा जीवन और उच्च विचार | (ख) कठोर जीवन
(ग) अहंकार से भरा जीवन | (घ) साहसी जीवन

(v) हमें अपनी आवश्यकताओं को कैसा बनाना चाहिए ?

(क) अपनी आवश्यकताओं को बढ़ाते रहें | (ख) अपनी आवश्यकताओं को न्यूनतम बनाएँ
(ग) बिल्कुल समाप्त कर दें | (घ) इनके बारे में सोचना बंद कर दें

2. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (8X1=8)

(i) निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में अनुस्वार का उचित प्रयोग हुआ है ?

(क) बाँट (ख) सयंत (ग) अकं (घ) संरचना

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में अनुनासिक का उचित प्रयोग नहीं हुआ है?

(क) ऊँट (ख) हँस (ग) अँधेरा (घ) आगँन

(iii) निम्नलिखित शब्द और पद पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए । कौन-सा कथन सत्य है ?

(क) शब्द और पद पर्यायवाची है।
(ख) पद कोश में होते हैं।
(ग) शब्द स्वतंत्र होते हैं, पद वाक्य के अंग होते हैं।
(घ) शब्द सार्थक होते हैं, पद निरर्थक भी हो सकते हैं।

(iv) निम्नलिखित में से किसमें गुण संधि का नियम लागू हुआ है?

(क) देवालय (ख) नवोदय (ग) व्यूह (घ) अत्यंत

(v) 'सुचारु' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

(क) स (ख) सू (ग) सु (घ) स्व

(vi) यह समाज की समस्या है। इस वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित पद के स्थान पर उचित प्रत्यय-युक्त शब्द प्रयुक्त कीजिए।

(क) समाजी (ख) सामाजिक (ग) समाजिक (घ) समाजीय

(vii) 'तुम कब आओगे' इस वाक्य में कौन-सा उचित विराम प्रयोग होगा ?

(क) । (ख) ( ) (ग) ? (घ) -

(viii) निम्नलिखित वाक्यों में से इच्छावाचक वाक्य पहचानिए ।

(क) शायद वह कल यहाँ आ जाए। | (ख) अरे ! तुम आ गए।
(ग) आपकी यात्रा मंगलमय हो। | (घ) सूर्य पूर्व दिशा में उदित होता है।

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (5X1=5)

(i) 'इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ़ साइंस' नामक प्रयोगशाला का क्या उद्देश्य था?

(क) अच्छे वैज्ञानिक तैयार करना | (ख) वैज्ञानिक चेतना का विकास करना
(ग) अंग्रेज़ों के लिए आधुनिक तकनीकी विकसित करना | (घ) भारतीयों को शिक्षित करना

(ii) गांधीजी की आत्मकथा का क्या नाम है?

(क) सत्य का प्रकाश (ख) सत्य के प्रयोग

(ग) सत्य-वचन (घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) 'खुशबू रचते हैं हाथ' से कवि का क्या अभिप्राय है?

(क) अगरबत्ती बनाने वाले हाथों से (ख) गुलदस्ता बनाने वालों से

(ग) इत्र बनाने वालों से (घ) इनमें से कुछ नहीं

(iv) कवि के अनुसार कौन-सा मनुष्य अपनी मंज़िल को हासिल कर लेता है?

(क) कठिन समय में हार मानने वाला (ख) जीवन में हमेशा दूसरों पर निर्भर रहने वाला

(ग) जीवन के अंत में हार मानने वाला (घ) किसी भी परिस्थिति में हार न मानने वाला

(v) दुनिया एक दिन में ही क्यों पुरानी पड़ जाती है?

(क) क्योंकि जो बीत गया सो बात गई (ख) क्योंकि नित्य नए परिवर्तन हो रहे हैं

(ग) क्योंकि बीता दिन फिर लौट कर नहीं आता (घ) क्योंकि बीता दिन पुराना हो जाता है

## खंड- 'ब'

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(i) रामन् प्रभाव की खोज से वैज्ञानिक क्षेत्र किस प्रकार लाभान्वित हुआ?

(ii) गांधी जी के जीवन में महादेव भाई का क्या स्थान था ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

(iii) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता में कवि किस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं और क्यों?

(iv) मनुष्य से 'बच्चन जी' को किस बात की आशा है ? 'अग्निपथ ' कविता के आधार पर लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में लिखिए - (3x1=3)

(i) त्रिपुरा 'बहुधार्मिक समाज' का उदाहरण कैसे बना ?

(ii) लेखक को बचपन में पुस्तकें पढ़ने का शौक कैसे जागा ? विद्यार्थियों को लेखक के इस आचरण से क्या शिक्षा मिलती है ?

6. आप रजत अरोड़ा, 81 पीलीभीत के निवासी हैं। शीतकालीन अवकाश साथ बिताने की योजना बनाते हुए अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। (5x1=5)

अथवा

अपने बड़े भाई को धन्यवाद देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए कि उनके मार्गदर्शन के कारण ही आप परीक्षा में प्रथम आए।

7. महानगरों में ट्रैफिक जाम की समस्या पर दो मित्रों का आपसी संवाद लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (5x1=5)

अथवा

कटते जंगलों के कारण पशु - पक्षियों को होने वाली तकलीफ़ के संबंध में दो बुजुर्ग व्यक्तियों की बातचीत को संवाद शैली में लगभग 60 शब्दों में लिखिए।